सत्यम् शिवम्

रचयिता

मुनिश्री महेन्द्रकुमारजी 'प्रथम'

सम्पादक

मुनिश्री विनयकुमारजी 'आलोक'

प्रकाशक

श्रीमती भंवरीदेवी सेठिया

सुजानगढ़ (राजस्थान)

प्राप्ति-स्थान

श्रीमती भंवरीदेवी से[illegible]

धर्मपत्नी श्री नेमीचन्दजी [illegible]

द्वारा—श्री हनुतमलजी तोलाराम[illegible]

सेठिया हाउस

सुजानगढ़ (राजस्थान)



प्रथम संस्करण

अक्टूबर १९६७



मूल्य एक रुपया



मुद्रक :

उद्योगशाला प्रेस,

किंग्सवे, दिल्ली–९

प्राक्कथन

सत्य शब्दातीत है। उसे व्यक्त नहीं किया जा सकता। जो व्यक्त किया जाता है, वह या तो सत्यांश है या सत्य से व्यतिरिक्त। सत्य अनुभव-सापेक्ष है। जो अनुभूत है, वह व्यक्त का परिधान नहीं पा सकता। जो देखती है, वह बोलती नहीं। जो बोलती है, वह देखती नहीं। इसीलिए दर्शन और वाणी का मेल नहीं हो पाता। व्यक्ति अधूरा रह जाता है। पूर्णता का वह दम्भ भर सकता है, पर तब तक वह पूर्ण नहीं है। सत्य को भी जब शब्दों का चोगा पहनाया जाता है, हम कह उठते हैं, हमने सत्य का साक्षात्कार कर लिया, पर यह उसके साथ आँखमिचौनी है। बच्चे बहुधा आँखमिचौनी खेलते हैं। थोड़ी-सी ओट में छुप कर आँख मूँद लेते हैं। उन्हें यह अनुभव हो जाता है, अब हमें कोई नहीं देखता। खेल आरम्भ हो जाता है। यही स्थिति बहुधा साधक की होती है। कुछ दिन आँखें मूँद कर आसन जमाया और प्रतीति करने लगते हैं 'हमने सत्य को पा लिया।" साधक-अवस्था में ऊपर उठ गये हैं। वहीं सत्य उनसे रूठ कर दूर भाग जाता है। फिर वास्तविकता को झुठलाने का प्रयत्न आरम्भ होता है। सत्य का मुख स्वर्ण, स्वार्थ आदि से पिहित हो जाता है।

जब सब कुछ भूलकर स्वयं में स्थित हुआ जाता है, सत्य स्वयं के परिपार्श्व में महतकदमी करता हुआ मिलता है।

सत्य को पाने की अत्यन्त आतुरता व्यक्ति को उससे दूर करती है, क्योंकि आतुरता व्यग्रता है और वह स्वभाव से किनारा कसती है।

सत्य की परिणति शिव है। वहां कुछ अवशेष नहीं है। क्रिया की परिसमाप्ति होकर अक्रिया मे परिणति है। कृत का नाश हो चुकने पर वहां अकृत का व्यापार है। केवल ज्ञातृ-भाव है। न विकास है और न ह्रास। न आगमन है और न निर्गमन। न प्रकाश है और न अन्धकार। न विजनता है और न सकीर्णता। विभाव नही है, केवल भाव है। उत्कर्ष और अपकर्ष का अभाव है। परिचय और अपरिचय की स्थिति ही समाप्त है।

सत्यमय होने के लिए आत्मा को, आत्मा के लिए, आत्मा के द्वारा, आत्मा में अधिष्ठित किया। अव्यक्त कुछ-कुछ व्यक्त हुआ। उसे शिव की ओर बढ़ना चाहिए था, पर वह शब्दों के घेराव में आ गया। प्रयत्न करने पर भी वह घेराव समाप्त नही हुआ। इस संघर्ष में सत्य शब्दो की पकड़ में आ गया। परिणामत· शब्द विजयी हो गये। 'सत्यम् शिवम्' उसी का परिणाम है।

अनुभूतियों ने जब-जब शब्दों का अनुगमन किया, कुछ पद्य बन गये। पद्य बनाने को मैं कभी उतावला नही हुआ और न कभी इस दिशा में प्रयत्न करना अपेक्षित ही माना। व्यवहार ने जब कभी ऐसा चाहा, कुछ बन गया। कुछ व्यक्तियों ने समय-समय पर चाहा, भजन लिखे जाये, पर यह

चाह से ऊपर की बात है। चाह में कृत्रिमता का भाव रहता है। मुझे यह पसंद नहीं लगता। इसलिए मेरी चाह भी भिन्न रही। फिर भी बिना प्रयत्न ही और अनायास ही किसी मंजिल पर अवश्य पहुँच गया हूँ। किन्तु यह मंजिल मुझे अभिप्रेत न थी, न है और न भविष्य में ही रहेगी। आत्म-तोष केवल इतना ही है कि शुद्ध स्थिति के गुरुत्वाकर्षण-मण्डल में मैं पहुँच गया हूँ। अब मुझे यही परिक्रमा करनी है। इन भावों को यदि आत्मसात कर सका तो अपने लिये, अपने द्वारा, अपने ही द्वार उद्घाटित होंगे। 'सत्यम् शिवम्' की भावना का यही उद्देश्य है।

१७ अगस्त, १९६७ —मुनि महेन्द्रकुमार 'प्रथम'
नागौर (राजस्थान)

अनुक्रम

· १

पैंसठ महापुरुषों की स्तवना

[तर्ज—जाने वो कैसे लोग थे जिनके]

प्रातः उठकर शुद्ध भाव मे जिनवर ध्यान धरु ।
तन-मन सब अर्पण कर उनसे ज्योति प्राप्त करु ।।

ऋषभ, अजित, सम्भव, अभिनन्दन, सुमति, पद्म सोल्लास ।
श्री सुपार्श्व, चन्द्रप्रभ, सुविधि, शीतल, श्रीश्रेयास ।
वासुपूज्य, श्री विमलनाथ के पावन चरण पर ।।१।।

अनन्त, धर्म, जिन शान्ति, कुन्थु, अर, मल्लिनाथ भगवान् ।
मुनिसुव्रत, नमि, नेमि, पार्श्व प्रभु, महावीर धृतिमान् ।
गौतम आदि ग्यारह गणधर का मैं नाम स्मरु ।।२।।

प्रभो सुधर्मा, जम्बू स्वामी, भद्रबाहु गणधार ।
स्थूलिभद्र, श्यामार्य, वज्र स्वामी मेरे आधार ।
उनका ले अवलम्बन भव-जलनिधि को शीघ्र तरु ।।३।।

धन्ना, शालिभद्र, ढढण ऋषि, धर्मरुचि अनगार ।
स्कन्दक, भरत, मेतार्य, बाहुबल, मुनिवर गजसुकुमाल ।
उनसे कर वरदान प्राप्त मैं भव-भय-पीर हरु ।।४।।

चन्दनबाला, राजिमती, कौशल्या, जनक-सुता ।
शिवा, सुन्दरी, सुलसा, ब्राह्मी, कुन्ती, द्रुपद-सुता ।
प्रभावती, दमयन्ती के गुण निज मे सदा भरु ।।५।।

मर्यादा पुरुषोत्तम भिक्षु, भारी, ऋषिवर प्राण।
जयाचार्य, मघ, माणक, डालिम, कालू, तुलसी त्राण।
अमी, भीम, शिव, कोदर से मैं पावन बोध वरूं ॥६॥

विघ्न-विनाशक मंगल-कारक जिनवर-गुरुवर-जाप।
हो तल्लीन "महेन्द्र" करूं मैं; हो जाऊं निष्पाप।
बढ़ूं साधना-पथ पर कष्टों से तो नहीं डरूं ॥७॥

२

[तर्ज—प्यारे पंछी नील गगन]

ऋषभ जिनेश्वर तारो ।
शरण पड़ा हूं प्रभो ! तुम्हारी भव से पार उतारो ।।

नरपुङ्गव नरश्रेष्ठ, अतः तुम ऋषभ वृषभ कहलाये ।
राजा प्रथम, प्रथम ही मुनिवर, प्रथमार्हत पद पाये ।
नतमस्तक जग है चरणों में, उसकी अरति निवारो ।।१।।

प्रभो ! तुम्हारे दिल में मेरा वास न है सम्भावित ।
हो यदि वास तुम्हारा तो मन मेरा हो आप्लावित ।
मेरे मलिन हृदय की ओर न दृष्टि प्रभो ! तुम डारो ।।२।।

ज्यों ही दृष्टि टिकेगी मुझ पर, त्यों ही विकृति हटेगी ।
होगी शुद्ध चेतना मेरी, शुभ आभा निखरेगी ।
जान भक्त चरणों का मुझको अपना विरद विचारो ।।३।।

अन्य देवता कोप-अनुग्रह में सब अतिशय भावित ।
उनमें मेरा तो न कभी कल्याण प्रभो ! सम्भावित ।
मुनि 'महेन्द्र' अपने भक्तों को नाथ ! न कभी विसारो ।।४।।

: ३ :

[तर्ज—सभापति आप मिले मतिवान]

अभय दो प्रभुवर पार्श्व जिनेश !
हे शिवदायक ! हे अभयंकर ! दूर करो सब क्लेश ।
पुरिसादाणी चिन्तामणि हो,
तिमिर-नाश-हित तुम दिनमणि हो,
जन-जन के हृदयेश ॥१॥
सकट में भी धैर्य न डोले,
द्वार विजय का साहस खोले,
दो यह वर करुणेश ॥२॥
कोई व्याधि न होती तन पर,
भूत-प्रेत की छाया न मन पर,
तेरा जहां निवेश ॥३॥
आत्मिक अनुशासन में रत हों,
भौतिकता से सहज विरत हों,
दो यह शक्ति विशेष ॥४॥
वाराणसी की पुण्य धरा पर,
अश्वसेन-वामा घर अवतर,
पावन किये प्रदेश ॥५॥
दिये कमठ ने भीषण परिषह,
आत्मलीन उनमें प्रतिपल रह,
तोड़े कर्म अशेष ॥६॥
पद्मावती चरणो में रत है,
श्री धरणेन्द्र "महेन्द्र" प्रणत हैं,
सारो काम हमेश ॥७॥

४

[तर्ज—सब के सितारे श्री श्री चरणों में]

निशला-दुलारे प्रभु वर्धमान स्वामी के,
चरण-कमल में प्राण चढाएँ ।
छोड राज्य-वैभव सारा, परिवार छोड कर,
ध्यान की सुन्दर लौ जलाई ।
बारह वर्ष तेरह पक्ष तन की सभाल छोड,
आत्मा की असली आभा है पाई ॥१॥
जाना सचेतन को तो जाना अचेतन भी,
नई धर्म की, की व्याख्या ।
मुखरित हुआ घोष शुद्ध अहिंसा का,
जानी जगत ने मैत्री की आस्था ॥२॥
तारा उदाई को तो तारा था अर्जुन,
रोहिणेय को भी तारा ।
मान बढाया तुमने पूणिये श्रावक का,
चन्दनबाला को दुख से उबारा ॥३॥
देव तुम्ही हो सबके, ध्येय तुम्ही हो,
गेय, श्रेय, प्रिय सब जग के ।
बिना तुम्हारे अभिधेय भी न बनता,
परम तुम्ही हो इस चेतन के खग के ॥४॥
श्रद्धा-सुमन शुभ चरणो मे अर्पित,
करके तृप्त सब हैं होते ।
भावना को सफल 'महेन्द्र' बनाकर,
पाप-ताप क्षण मे ही विगोते ॥५॥

: ५ :

[तर्ज—पाटी वरतो]

द्रष्टा-भाव बढ़े जीवन में,
(तो) सहजानन्द मिले क्षण-क्षण में ।
सार साधना का यह उत्तम ।

महावीर भगवान् का, हाँ,
वर्धमान भगवान् का ।
सारा जग आभारी ॥१॥

श्रद्धा का अपने पर होना,
पर-भावों को सहज विगोना ।
दुर्लभतम है धर्म-मर्म यह ॥२॥

आत्मा की स्मृति रहे प्रतिक्षण,
नगरवास हो चाहे कानन ।
विस्मृति का हो विलय; घोष यह ॥३॥

विनय सहज गुण है आत्मा का,
जिसमें अंकन परमात्मा का ।
फिर क्यों भेद-भाव रह पाये ॥४॥

शून्य विकल्प-वितर्क भाव से,
होकर निखरे शुभ स्वभाव से ।
"मुनि महेन्द्र" यह स्वर्णिम पथ है॥५॥

. ६

[तर्ज—हरि गुण गाय ले रे]

वीर की वाणी पर, हो हम सब बलिदान।
वीर की वाणी पर, हो हम सब कुर्बाण ।
उद्यत यदि हम हो रहे हैं करने निज कल्याण ॥

भाग्य भरोसे छोडकर हम क्यो खोये निज सत्त्व ।
पुरुषार्थी बन साधना मे पहचानें शुभ तत्त्व ॥१॥

किन्तु क्रिया की बहुलता का फैल न पाये जाल ।
छुप जाती जिसमे सहज ही शुभ चिन्तन की लाल ॥२॥

सहनशीलता का दिखायें अन्युत्कट आदर्श ।
सहे सदा ही अन्य को आ पाये ना आमर्ष ॥३॥

सुख-दुःख मे माध्यस्थ होकर रहे स्वय मे लीन ।
कभी न फूलें हर्ष मे हम, हो न कष्ट मे दीन ॥४॥

हम सब की शुभ साधना के हैं आधार जिनेन्द्र ।
तन-मन अर्पण कर चरण मे निखरें सदा 'महेन्द्र' ॥५॥

: ७ :

[तर्ज—माढ]

गौतम गणधर धीर, भव-सागर से तारो जी ।
निर्मल गंगा-नीर, सारी विपदा टारो जी ।
विपदा टारो सारे जग की, छा जाये आनन्द ॥
मैं हूँ भक्त तुम्हारा प्यारा, तुम मेरे भगवान् ।
होकर लीन चरण में प्रतिपल, ध्याऊँ निश्चल ध्यान ॥१॥
मेरे जैसे भक्त तुम्हारे होंगे नाथ ! अनेक ।
पर मेरे तो रोम-रोम में छाये तुम ही एक ॥२॥

लब्धि-पुञ्ज पावन चरणों में बनकर रहता दास ।
सर्व सिद्धियों और सफलताओं के हो आवास ॥३॥

वीर जिनेश्वर के थे तुम ही अन्तेवासी शिष्य ।
वे स्मृतियाँ सरसा मैं कर पाऊँ निर्बाध भविष्य ॥४॥

मन चिन्तित होते हैं सारे, जिनके तुम हो इष्ट ।
शीघ्र "महेन्द्र" बढ़ेगा अपने पथ पर श्रद्धानिष्ठ ॥५॥

८

[तर्ज—उठ जाग मुसाफिर भोर भई]

मर्यादा पुरुषोत्तम सीतापति पूज्य रामकी जय हो जय।
दशरथ-नन्दन, लक्ष्मण-अग्रज रघुकुल-ललाम की जय हो जय ॥

लाखो नर ध्यान लगाते हैं, तन्मय होकर गुण गाते हैं।
प्रतिदिन सब रटन लगाते हैं, नयनाभिराम की जय हो जय ॥

पा पितृप्रवर का अनुशासन, वन चले, छोड जो सिंहासन।
उन निर्विकार निर्मोह सनातन परमधाम की जय हो जय ॥

लघु बन्धव को जो प्यार दिया, जनता को जो आधार दिया।
सब जग का है उद्धार किया, उन विश्वनाम की ज यहो जय ॥

सुग्रीव सखा को मुक्त किया, विभीषण को था राज्य दिया।
हनुमान भक्त को धन्य किया, साकेत-श्याम की जय हो जय ॥

उन्मूलन कर अन्यायो का, सवर्धन करके न्यायो का।
जो बने कीर्ति के अधिकारी, उन मोक्ष-धाम की जय हो जय ॥

अशरण के शरण विश्व-बन्धु, जन-जन- श्रद्धा के केन्द्र बिन्दु।
अध्यात्म-शक्ति के स्रोत, तपोमय राम-नाम की जय हो जय ॥

श्रद्धा-सुमनो का उपढौकन, चरणो मे अर्पित जीवन-धन।
स्वीकार 'महेन्द्र' करो, गाऊँ प्रतियाम राम की जय हो जय ॥

: ६ :

[तर्ज—झूठी-झूठी दुनिया की प्रीत है]

भन्ते ! करता शत-शत अभिवन्दन,
श्रद्धा कुसुमों से वन्दन।

पतितोद्धारक सच्चे भगवान·····हो !
हो स्वामी नयनों के तारे तुम महाप्राण हो।

लोक-प्रकाशक धर्म-उजागर तीर्थंकर विज्ञानी,
क्षमाश्रमण गंभीर सिन्धुवत् निर्मल आत्मध्यानी।
भन्ते ! सूरज से भी तेजस्वी,
रजनीपति सम वर्चस्वी,
असहायों के तुम ही तो त्राण···हो ! ॥१॥

धूत रजोमल क्षीण जरामर लोकोत्तम अविकारी—
सिद्ध; निरामय आत्म-सुधामय अर्हन् केवलधारी।
प्रतिनिधि उनके हैं गण अधिनेता,
हैं उपाध्याय मद-जेता,
मुनिवर का स्मरण परम सोपान···हो ॥२॥

नर-सुर-पूजित ऋषभ, अजित, संभव, अभिनन्दन सारे।
सुमति, पद्मप्रभ, श्री सुपार्श्व, चन्द्रप्रभ प्राण-पियारे।
सुविधि, शीतल, श्रेयांस जिनेश्वर,
श्री वासुपूज्य, विमलेश्वर,
मानवता के सच्चे सम्मान···हो ॥३॥

अनन्त, धर्म, जिन शान्ति, कुन्थु, अर, मल्ली, मुव्रत स्वामी।
नमि, नेमि, धरणेन्द्र सुसेवित पारस अन्तर्यामी॥
त्रिशलानन्दन हैं भाग्य विधाता,
तीर्थंकर प्रभुवर त्राता,
मेरी वीणा की सुमधुर तान हो ॥४
विहरमान जो बीस सीमधर आदि, देव हैं मेरे।
ग्यारह गणधर गौतम प्रभृति निज-पर-आत्म-उजेरे॥
अर्हद्-वाणी के हैं उद्गाता,
त्रिपदी के पहले स्नाता,
जिन पर होता सात्त्विक अभिमान हो ॥५॥
धूमिल आवत स्वार्थ-रेणु में महावीर का शासन—
हुआ जा रहा था, तब आये दीपा माँ के नन्दन।
शिथिलाचारों की जड़ें कुरेदीं,
स्वाध्यायी आत्म-प्रवेदी,
पाया था अक्षय बोधि-निधान हो ॥६॥
भारिमाल, ऋषिराय, जीत, मघ, माणक, डालिम, कालू।
तुलसी महामहिम श्रद्धास्पद शान्त सुधा-स्पृहयालु॥
गिरती मानवता के उन्नायक,
जन-जन के भाग्य विधायक,
अविरागी रहते स्वर्ण-विहान हो ॥७॥
विघ्न-विनाशक मंगलमय आरोग्य बोधि के दाता।
मन-समाधि के स्रष्टा परमेष्ठी पंचक हैं त्राता।
पाता उनकी कृपया ही सिद्धि,
'मुनि महेन्द्र' नव ऋद्धि,
होता प्रति चरण सदा कल्याण हो ॥८॥

: १० :

[तर्ज—जै बोलो महावीर स्वामी की]

जय बोलो भिक्षु प्रभुवर की
प्रभुवर की जय गुरुवर की
श्री तेरापन्थ अधीश्वर की।

वह पुरुषसिंह, पुरुषोत्तम था
नर पुण्डरीक लोकोत्तम था
हम प्रणति करे उस मतिधर की ॥१॥

वह गन्ध गजेन्द्र, सुरेन्द्र-समान
वह तीर्थकर था, पुरुष-प्रधान
अनुगति हो सब-पुरन्दर की ॥२॥

स्वयंबुद्ध था, बोधि-निधान
भाग्य-विधाता था भगवान
हम भक्ति करें गण-दिनकर की ॥३॥

दृढ़तर संगठन-विधान किया
धार्मिक जग को आह्वान किया
कर स्मृतियाँ प्राक्तन व्यतिकर की ॥४॥

वह लोहपुरुष था शासन में
पर कोमल आत्म-विकासन में
जय हो 'महेन्द्र' उस श्रीधर की ॥५॥

११

[तर्ज—दो दिल कहाँ से लाऊँ]

श्री भिक्षु के चरण मे उपहार नव सजाऊँ।
नैवेद्य भक्ति का ले मैं भाव मे चढाऊँ॥

मेरे मन मे मूर्ति तेरी भगवन् ! सजी हुई है।
श्रद्धा-सुमन चढाकर मैं अपनी साध पुराऊँ॥१॥

वीणा-विहीन कर हैं, नूपुर भी ना चरण मे।
बिखरे विचार दिल के, उनमे ही ध्यान लगाऊँ॥२॥

साधना की वलि-वेदी पर, तुमने प्राण थे चढाये।
शुभ केन्द्र मान उसको सस्कार मैं जगाऊँ॥३॥

आदर्श जो तुम्हारे जग मे सदा समाये।
प्रतिवर्ष हृप से फिर तेरा श्राद्ध मनाऊँ॥४॥

: १२ :

[तर्ज—कितना बदल गया इन्सान]

जय-जय भिक्षु भिक्षु भगवान ।
युगाधार युगपुरुष तुम्हारा मंगलमय अभिधान ।। जय०।।

तुमने नव आलोक बिखेरा, बीती रजनी हुआ सवेरा,
पथ बीहड़ था घना अँधेरा, फिर भी गमन रुका नहीं तेरा
किंकर्तव्यमूढ मानव ने पाया सच्चा ज्ञान ।।१।।

शुद्धाचार-विचार-विमलता में जीवन की भरी सफलता,
श्रद्धा-ज्ञान-चरित्र-प्रबलता से सात्विक रस स्रोत निकलता,
धर्म-कर्म की गति समन्वित हो, यह था आह्वान ।।२।।

जब लग जग की पूर्ण व्यवस्था, मानव-मन की स्वस्थ अवस्था,
जब लग रवि-शशि-गण की संस्था में व्यापक है गति अनवस्था,
जनता को आलोक दिखाये तेरापंथ महान् ।।३।।

१३

[तर्ज—इतिहास गा रहा है]

भगवन्! तुम्हारी हम सब यह आरती सजायें।
श्रद्धा के फूल दो-दो श्रीचरण मे चढायें॥

क्यो शत्रु की उपेक्षा, क्यो मित्र की अपेक्षा।
माध्यस्थ्य वृत्ति को हम निज शीश पर चढायें॥१॥

अनुराग क्यो किसी से, क्यो द्वेष भी किसी से।
समदर्शिता सुखद यह जीवन मे फैल जाये॥२॥

क्यो बाह्य-भावनाएँ हमको कभी सतायें।
बस, आत्म-भावना के नव दीप हम जलायें॥३॥

शुभ देन हो तुम्हारी, थाती सदा हमारी।
जिसके सहारे से हम यह सुप्त जग जगायें॥४॥

: १४ :

[तर्ज—जैसा करना वैसा भरना]

शासन-भक्त प्रभो ! हम तेरे तन-मन अर्पण चरणों में।
लो लाखों अभिवन्दन विभुवर, भक्त खड़े हम शरणों में ॥

गूँज उठा जय-घोष तुम्हारा दिग्-दिगन्त के कर्णों में।
लिखी गई हैं यश-गाथाएँ प्रकृति के नव पर्णों में ॥१॥

देव ! तुम्हारी सहज साधना व्यक्त करे किन वर्णों में।
मिली न अब तक ऐसी सुन्दर पौराणिक उद्धरणों में ॥२॥

संघ-व्यवस्था नीति-कुशलता रूप रुचिर आभरणों में।
पाते हैं प्रतिबिम्ब भिक्षु का जैसे निर्मल झरणों में ॥३॥

नैतिकता की सुर-सरिता भौतिकता के आवरणों में।
छुपी जा रही थी, उसका उद्धार किया ले शरणों में ॥४॥

अनुशासन आचार-कुशलता के सुन्दर अवतरणों में।
किया संघ आवेष्टित तुमने शुद्ध साध्य शुभ करणों में ॥५॥

लीन रहेंगे देव ! तुम्हारे सैद्धान्तिक उपकरणों में।
विजय वरो तुम मुनि 'महेन्द्र' की विज्ञप्ति श्रीचरणों में ॥६॥

१५

[तर्ज—[illegible] में किसी के [illegible]]

प्रभो ! [illegible] में तुम्हारी [illegible] ले देना ।
शीघ्र ही मोक्ष मंदिर में मुझे कृपया बिठा देना ॥

[illegible] है जो [illegible] की [illegible] अग्नि [illegible] मन में ।
[illegible] निष्काम [illegible] देना ॥१॥

[illegible] के पथ में चलना जो [illegible] दिव्य जीवन है ।
[illegible] की नीति है भारी ! शीघ्र ऊँचा उठा देना ॥२॥

जगत में [illegible] तुम्हारे साथ मैं जोड़ूँ ।
[illegible] प्रभुवर ! [illegible] देना ॥३॥

कहीं देखा कहीं देखा, कहीं भी [illegible] ना पाया ।
[illegible] में तुम्हारी [illegible] उठा लेना ॥४॥

[illegible] निर्मल [illegible] ज्यों ।
दयानिधि [illegible] ऐसा [illegible] देना ॥५॥

: १६ :

[तर्ज—ऋषिराज! तुम्हारे चरणों में]

साधना में लीन हो उन्मेष पाएँ हम,
ज्ञान की लौ जलाएँ हम।

चेतन की उपलब्धि-हेतु हम पल-पल कदम बढ़ाएं।
संकल्पों का ज्वार रोक कर मन को शान्त बनाएं॥
ऊँचे इस साधन को सारे आजमाएं हम ॥१॥

इन्द्रिय-विषय-विकार-भावना मन को बोझिल करती।
सहज अवस्था को दूषित कर चेतन-सुषमा हरती॥
उद्यम पूर्वक इस प्रवृत्ति पर रोक लगाएं हम ॥२॥

क्षण-क्षण का संधान साधना में आवश्यक होता।
रह कर लीन आत्म-भावों में साधक कलमष धोता॥
महावीर की इस वाणी को शीश चढ़ाएं हम ॥३॥

बीत गया जो समय, नही वह तो वापस आएगा।
भूत नहीं पर वर्तमान ही रंग नया लाएगा॥
प्रकृति के इस शाश्वत क्रम को क्यों भूलाएं हम ॥४॥

देखें, सुनें सदा चेतन को, आस्वादन चेतन का।
सूंघे क्षण-क्षण हम चेतन को, हो स्पर्शन चेतन का॥
मुनि 'महेन्द्र' इस विधि से ही उस पार जाएं हम ॥५॥

१७

[तर्ज—प्यासे पंछी नील गगन में]

अपना रूप निहारो

दर्पण छोड़, मूँद कर आँख निज गुण सदा सँभारो ॥

पर-चिन्ता में रहा भटकता निज को भूल गया तू ।
पर की अस्थिर कृपा प्राप्त कर मन में फूल गया तू ।
पारख बोधि, लगे दूषित ऐनक को शीघ्र उतारो ॥१॥

जिसने निज को जान लिया, उसने जग जान लिया है ।
निज को भूल जगत को जाना, उसने दम्भ किया है ।
छोड़ दम्भ की इस प्रवृत्ति को सहज सरलता धारो ॥२॥

जो सविकल्प ज्ञान होता है, वह तो सदा अधूरा ।
निर्विकल्प-संताप-शून्य ही, एक ज्ञान है पूरा ।
संकल्पों के अवरोहण-आरोहण को भी टारो ॥३॥

जहाँ चातुरी दिखलाने को मानव उद्यत होता ।
वहाँ चेतना की मौलिकता को वह तो है खोता ।
सहज भाव में रमण करो, कृत्रिमता शीघ्र निवारो ॥४॥

यश-लिप्सा की ओर चेतना जो नित झूल रही है ।
अहंवृत्ति दुर्भाव हृदय में प्रतिबिम्बित कर रही है ।
मुनि 'महेन्द्र' जागृत होकर के पहले निज को तारो ॥५॥

: १८ :

[तर्ज—तुम्हीं मेरे मन्दिर तुम्हीं मेरी पूजा]

मुझे एक आत्मा का सही ज्ञान हो बस,
यही कामना है, यही कामना है।
नही अन्य भावों की पहचान हो बस,
यही कामना है, यही कामना है ।।
जब तक विभावों के पीछे लगा था,
मैंने स्वयं को प्रतिपल ठगा था।
नही मेरा मेरे से व्यवधान हो बस,
यही कामना है, यही कामना है ।।१।।
ज्यों-ज्यों विभावों को पढ़ता गया था,
त्यों-त्यों अहं भी बढ़ता गया था।
अब शीघ्र उसका अवसान हो बस,
यही कामना है, यही कामना है ।।२।।
ज्यों-ज्यों बढ़ाया परिचय जगत का,
टूटा था नाता त्यों-त्यों ही सत का।
अब चेतना का अवधान हो बस,
यही कामना है, यही कामना है ।।३।।
उत्कर्ष पाकर रहा फूलता मैं,
चित् की महत्ता को रहा भूलता मैं।
'महेन्द्र' शुभ वह सन्धान हो बस,
यही कामना है, यही कामना है ।।४।।

१९.

[तर्ज—छटी नीम के नीचे]

आत्म-रूप को पाना ही बस सार है।
इसके बिना जो पाया कुछ भी वह तो सब निस्सार है ॥

करते-करते बीता सारा समय हाथ क्या कुछ आया ?
करना छोड़ेंगे तब अनुभव होगा, सब कुछ है पाया।
क्रिया-काण्ड का बड़ा जटिल प्राकार है ॥१॥

सम्प्रदाय का मोह सत्य को सदा दबाता है आया।
इसीलिये छा जाती नर पर अभिनिवेश की है छाया।
फटा न अब तक ममता का सहकार है ॥२॥

युग-युग में होती आई है नई धर्म की परिभाषा।
उलझी जिसमें रह जाती है अन्तरतम की अभिलाषा।
चेतन बन पाया न जरा अविकार है ॥३॥

उपचारों के सुदृढ़ वलय में बद्ध चेतना रोती है।
किंतु इसी में विवश जिन्दगी पूरी सबकी होती है।
'मुनि महेन्द्र' सब बन्ध-हेतु व्यवहार है ॥४॥

: २० :

[तर्ज—नगरी-नगरी द्वारे-द्वारे]

है यही संकल्प सबका साधना की लौ जले।
चेतना का बोध हो, अज्ञान की छाया टले।।

ममता के आवर्त्त बीच फंस चक्कर खूब लगाये हैं।
इसीलिये समता के कण आत्मा को छू नहीं पाये हैं।
मैत्री और प्रमोद भावना के पथ पर सब बढ़े चलें।।१।।

रहे धर्म से अनुप्राणित ही, जीवन का प्रत्येक पल।
छा पाये जिससे न कषायों के काले-काले बादल।
और रहे न कभी अन्धेरा, आत्मा के शुभ दीप-तले।।२।।

सादा जीवन, शुभ विचार ही जीवन का शृंगार है।
सहनशीलता, दूरदर्शिता ही सुदृढ आधार है।
'मुनि महेन्द्र' सब में जागृति के शुभ संस्कार सदा फलें।।३।।

२१ :

[तज—मदिर मे काई ढूढती फिरे]

साधो ! हो अपने मे लीन, निहारो असली आत्म-रूप को ।
साधो ! कर आश्रव को क्षीण, निहारो असली आतमरूप को ।

जहाँ अनुबन्ध योग का होता वहाँ तो मुक्ति नहीं है ।
शुभ-अशुभ दोनों बेडी, यह प्रभु ने बात कही है ॥१॥

भटकत गहन भवाब्धि बीच यो समय असीमित बीता ।
किया बहुत पर रहा अभी तक आतमा का घट रीता ॥२॥

यदि न हुई निवृत्ति, प्रवृत्ति न फलदायक हो सकती ।
करो निवर्तन बहिर् भाव का, प्रकटे चिन्मय ज्योति ॥३॥

अप्रमत्त की क्रिया, अक्रिया की निमित्त बन जाती ।
अमित शक्ति क्रमश जागृत कर रग अनूठा लाती ॥४॥

कर्मो का आत्मा पर लेप लगा तुम्बी की नाई ।
'मुनि महेन्द्र' सुस्थिर बन जाओ, हट जाये परछाई ॥५॥

: २२ :

[तर्ज—मंदिर में कांई ढूंढ़तो फिरै]

तन्मय होकर के साधना करो, छोड़ो मन के विषय-विकार ।

एक[1] जीतने पर पांचो पर विजय सुनिश्चित होगी ।
क्रमशः दश; फिर जीत विश्व को वन जाओ सब योगी ॥१॥

आत्मा[2] ही पापों की कर्ता, आत्मा ही संहर्ता ।
आत्मा मित्र-अमित्र उभय है, आत्मा ही है भर्ता ॥२॥

होकर आत्म-स्थित[3] इन्द्रिय से अपनी रक्षा करना ।
रक्षित आत्मा सुख का साधन, अरक्षित दुःख-झरना ॥३॥

मन में कुछ, वाणी में कुछ, यह भेद न रहने पाये ।
'मुनि महेन्द्र' कथनी-करनी की खाई सब पट जाये ॥४॥

---

१. एगे जिये जिया पंच, पंचे जिये जिया दस ।
दसहा उ जिणित्ताण सव्वे सत्तू जिणामहं ॥

२. अप्पा कत्ता विकत्ता य, दुहाण य सुहाण य ।
अप्पा मित्तममित्तं च, दुपट्ठिय सुपट्ठिय ॥

३. अप्पा हु खलु सययं रक्खियव्वो, सव्विदियेहिं सुसमाहिएहिं ।
अरक्खियो जाइपहं उवेइ, सुरक्खिओ सव्वदुहाण मुच्चई ॥

: २३

[तर्ज—नाग कहीं जा डसियो रे]

क्षण भी प्रमाद मत करना रे, सम्भल कर चलना रे।
डग फूंक-फूंक कर भरना रे, जग केवल छलना रे॥
एक पलक का निर्णय नर को नभ में है पहुंचाता।
एक पलक का निर्णय त्यों ही महारौरव दिखलाता॥
यह सत्य तत्त्व न विसरना रे ॥१॥

अतुल शक्ति का स्रोत उमड़ता पंच भूत के तन में।
चिन्तन की अक्षय निधि रक्षित मानव! तेरे मन में।
है ज्ञान-कला का झरना रे ॥२॥

कहीं न उसका दुरुपयोग हो, सावधान हो रहना।
"उट्ठिये नो पमायए" इस रस धारा में बहना।
यदि रत्नत्रय तुझको वरना रे ॥३॥

नश्वर तन पर घात भयानक प्रतिपल चोटें करना।
हर-एक घर आत्म-गुणों को है प्रमाद कर हरना।
वृद्धिगत करता चलना रे ॥४॥

अप्रमत्त बन शिक्षित हय, भारण्ड विहग बन विचरो।
'मुनि महेन्द्र' अब आत्म-निलय में तन्मय होकर जागो।
मिट जाये दुरित-रचना रे ॥५॥

: २४ :

[तर्ज—निजाम हैदराबाद]

यह स्वार्थ का पुतला मनुज है इसकी क्या बतलायें।
लड़ाकर तिड़कमबाजियां दुनिया को मूर्ख बनाये॥
किन्तु वास्तविकता पर परदा कब तक रहने पायेगा।
आखिर दूध और पानी का न्याय स्वयं हो जायेगा॥
इसको न कभी भुलायें॥१॥

अपने लिए दूसरों का बलिदान पूर्णतः चाहता है।
पर-हित में तो योग तनिक-सा करते भी सकुचाता है।
औरों को बुद्धु बनाये॥२॥

जिस डाली पर बैठ, मधुर फल खाता; उसको काटता।
स्वार्थों के गहराते तम से संस्कारों को पाटता।
अपना उल्लू सहलाये॥३॥

अपने महल बनाने हित घर पर के सहज उजाड़ता।
छक्के-पंजे लड़ा-लड़ा औरों को शीघ्र पछाड़ता।
नीचे से ही खिसकाये॥४॥

अपने लिए चाह है जैसी, वैसा ही व्यवहार हो।
समता औ' माध्यस्थ भावना का मंजुल उपहार हो।
यह सत् शिक्षा अपनायें॥५॥

२५

[तर्ज—जय बोलो महावीर स्वामी की]

मानव-जीवन का मान करो।
अपने का ही आह्वान करो।
प्रतिपल निश्चय विधान करो॥
जो समय बीतता जाता है।
वह पुन लौट कर आता है।
क्षण-क्षण का शुभ सन्धान करो ॥१॥
आपा-धापी से दूर रहो।
निन्दा-चुगली से दूर रहो।
गुण चुन-चुन आत्म-निधान करो ॥२॥
मैं भिन्न-भिन्न गति में आया हूँ।
सुकृत-दुष्कृत [illegible] पाया हूँ।
उस परम तत्त्व की [illegible] करो ॥३॥
इस जीवन का लेखा-जोखा।
समुचित करने का है मौका।
[illegible] हर [illegible] करो ॥४॥
[illegible] करते।
[illegible] करते।
[illegible] करो ॥५॥

: २८ :

[तर्ज—उठ जाग मुसाफिर भोर भई]

तीर्थंकर नाम कर्म-अर्जन के वीस निमित्त वताये हैं।
हाँ वीस निमित्त वताये है, आगमकारों ने गाये हैं ॥
अरिहन्त[1], सिद्ध[2], प्रवचन-अर्चन[3],
गुरु[4], स्थविर[5], वहुश्रुत[6] का वन्दन,
कर घोर तपस्वी[7] की स्तवना निज को इस पद तक लाये हैं ॥
तत्त्वों का पुनः-पुन चिन्तन,[8] सम्यक्त्व रत्न[9] का शुभ वर्तन,
कर विनय[10] धर्म का अनुशीलन, सर्वोत्तम पद नर पाये हैं ॥
षड् आवश्यक[11] विधि से करते, नही ब्रह्मचर्य[12] से है टलते,
वैराग्य[13] भावना से भावित होना कारण वतलाये हैं ॥
वाह्याभ्यन्तर तप[14] का करना, शुभ पात्रदान[15] देते रहना,
गुरु, ग्लान, तपस्वी, शैक्ष[16], स्थविर, सार्धमिक की सेवाये है ॥
हो समाधिस्थ[17] पल-पल रहते, अभ्यास-ज्ञान[18] का हैं करते,
श्रुत[19]-भक्ति और प्रवचन[20]-महिमा, ये हेतु मुख्य कहलाये हैं ॥
इन बीसों का हो आराधन, या कुछ का भी हो शुभ साधन,
तीर्थंकर पद उपयुक्त पुण्य संचित होते ही आये हैं ॥
तीर्थंकर पद की अभिलाषा, है केवल वहिर्मुखी आशा,
कर दूर "महेन्द्र" इसे सहसा साधक हो सिद्ध कहाये हैं ॥

२६

[तर्ज—म्हारा छैल भवर का बागां मे]

ओ भारतवासी ! सत्य अहिंसा व्रत सारे अपनाओ ।
भोगवाद मे मग्न हो दुनियाँ डूब रही,
नाना वाद-विवाद से है वह ऊब रही,
अब त्याग-तपोबल के रास्ते मे अपने पैर बढाओ ॥१॥
भाग-रोग मे शान्ति के अकुर नही होते,
कीचड से नही स्वच्छता क्यो यह वस्त्र बिगोते,
सत्य नीर से गन्दापन सब धोकर दूर हटाओ ॥२॥
मानवता का मूल यहाँ है नही पनप रहा,
दानवता का भूत भी नगा नाच रहा,
नैतिकता फिर से जीवित हो, ऐसा कदम उठाओ ॥३॥

: ३० :

[तर्ज—कितना बदल गया इन्सान]

रखना मानवता का ध्यान ।
मतदाता बन नहीं बनाना पैसे को भगवान ।।
भारत-भू पर प्रजातंत्र का, श्रीगणेश है आत्म-तन्त्र का,
लोप हुआ है राजतन्त्र का, छाये घन ना स्वार्थ-तंत्र का,
अत. जालसाजी से कभी न करना है मतदान ।।१।।
प्रजातंत्र की रीढ़ नीति है, जन-जन का सम्बन्ध प्रीति है,
हृदय-सरलता सहज वृत्ति है, भारत की प्राचीन रीति है,
अत: भरोसे झूठे देकर मत करना मतदान ।।२।।
भारत के बच्चे-बूढ़े सब, नीति निपुण होंगे अविकल जब,
स्वर्ग धरा पर उतरेगा तब, सुख पायेंगे नर-नारी सब,
'मुनि महेन्द्र' इस पुण्य धरा का विश्व करेगा मान ।।३।।

: ३१ :

[तर्ज—सायीडा रामू रे]

मत छोडो माया रे, यह मैत्री बिगोने वाली।
निज आत्म-गुणों से है यह वैर बढाने वाली॥
माया मे पडकर के कहो किसने सत्त्व न खोया।
सौजन्य-भाव हित है, यह एक हलाहल प्याली॥१॥

ज्यो क्षय के कीटाणु, तन को जर्जर हैं करते।
त्यो माया डाकिन रे, है प्रेम गमाने वाली॥२॥

हां, एक वार तो रे, कुछ सुख की सासे लेना।
पर आखिर मे तो यह है दुख ही देने वाली॥३॥

: ३२ :

[म्हारा छेल भंवर का बागाँ में]

ए मानव ! उठ तू शील सुधारस पीले तन्मय होकर ।

विश्व थपेड़े खा रहा, इत-उत हो उद्भ्रान्त,
निजाचार को छोड़कर, वनता है उत्क्लान्त,
वह बढ़ना चाहता है अपनी सारी पूंजी को खोकर ॥१॥

ब्रह्मचारी जो पूर्ण है या पत्नीव्रत धार,
रहते निर्मल चित्त से अपने मन को मार,
उनके सन्मुख देव-इन्द्र भी रहते जैसे नौकर ॥२॥

चन्दनवाला, द्रौपदी, सीता सती पवित्र,
सेठ सुदर्शन की बनी घटना अती विचित्र,
श्रोत्र-परम्पर उनका यश अब बहता सम्मुख होकर ॥३॥

यह शारीरिक-क्रान्ति का, बल का है भण्डार,
मानवता का मूल है आत्मिक गुण-आगार,
विकसित होती सदा चेतना एक इसी में होकर ॥४॥

दुष्कर दुष्कर है सदा महादुष्कर यह कार्य,
इसकी उत्कट साधना कर सकता है आर्य,
मुनि 'महेन्द्र' हो जा पवित्र तू सारे कल्मष धोकर ॥५॥

: ३३ ·

तू जाग रे ! सुज्ञानी यह काल आ रहा है।
अपनी यह हरकतों से जग को निगल रहा है॥
घुसे लुटेरे तेरे घर मे बहुत बडे हैं।
तू देख-देख जल्दी धन तेरा जा रहा है॥१॥
तू जानता है जग मे बढता मैं जा रहा हूँ।
पर ह्रास तेरा दिन-दिन यह काल कर रहा है॥२॥
बडे-बडे थे राजा योगी विरागी साधु।
सब हैं चले गये तू क्यों मस्त बन रहा है॥३॥
परलोक जब चलेगा, वहाँ पुण्य क्या रखेगा।
यहाँ पर न कुछ कमा कर तू खर्च कर रहा है॥४॥
अनमोल पल जो जाते, वे लौट कर न आते।
तन्मय 'महेन्द्र' प्रभु की शिक्षा सुना रहा है॥५॥

: ३४ :

[तर्ज—हरि गुण गाय लै रे]

पर्व शुभ आया है, संवत्सर का आज।
धर्म-रंग छाया है, पुलकित सकल समाज।
पर्व कहाते अन्य तो यह पर्वों का अधिराज॥

बच्चों बूढ़ों के जगा है मन में नव उल्लास।
युवकों की बाछें खिलीं, हुआ धार्मिक दृढ विश्वास॥१॥

चूल्हे चाकी की हुई है घर-घर में हड़ताल।
खिले ठिकाने धर्म की है जागरणा सुविशाल॥२॥

भदियों कदियों की हुई सदियों से आगे दौड़।
पौरुष का हैं दे रहे सब परिचय तो बेजोड़॥३॥

आत्मालोकन के लिये हो पल-पल का उपयोग।
छूट जायेंगे सहज ही में सब संयोग-वियोग॥४॥

पर्वाधन के लिये हो आत्मा ही शुभ केन्द्र।
शल्य-रहित हो सर्वथा ही निखरे 'मुनि महेन्द्र'॥५॥

३५ .

[तर्ज—भीखण जी स्वामी भारी मर्यादा]

पर्यूषण आया ज्योति जगाओ 'धर्म-ध्यान की।
अन्तर के अज्ञान का जिससे हो जाये अवसान रे ॥
आत्मा से देखो सतत अविकारी आत्म-स्वरूप रे।
छोड कषाय-प्रमाद को बन जाना है चिद्रूप रे ॥
ध्यान, जाप, स्वाध्याय से होकर तन्मय हर बार रे।
भावो बारह भावना जिससे बहे उपशम रस-धार रे ॥२॥
रात्री भोजन छोडकर, करो सचित द्रव्य-परिहार रे।
चौपड ताश खेलो नहीं, मत देखो सिनेमा द्वार रे ॥३॥
ब्रह्मचर्य की साधना, करो होकर के अविकार रे।
पालो अणुव्रत प्रेम से शुद्ध जीवन का उपहार रे ॥४॥
पर्व कहलाते अन्य तो यह पर्वो का अधिराज रे।
'मुनि महेन्द्र' श्री भिक्षु के शासन पर युग को नाज रे ॥५॥

सत्य साधना दिवस के उपलक्ष में

: ३६ :

[तर्ज—दिल लूटने वाले जादूगर]

है सत्य रीढ़ जीवन की इसको इधर-उधर मत होने दो ।
शुभ चिन्तन का पोषण दे इसमें संस्कारों को बोने दो ॥
सत्य लोक में सारभूत[1] है; महावीर की यह वाणी ।
सत्य स्वयं परमात्म[2] रूप बन करता सबकी अगवानी ।
पहचानो आत्मा[3] से इसको; इसमें प्रतिभा[4] को बहने दो ॥१॥
है आवश्यक क्रोध,[5] लोभ, भय, हास्य-वृत्तियों का वर्जन ।
सत् स्वाध्याय अपेक्षित इसमें जिससे होता शुभ वर्तन ।
कटु-कर्कश[6], हिंसक सत्य वचन से वर्जित जीवन रहने दो ॥२॥

---

१. सच्चं लोगम्मि सारभूयं
२. सच्चं खु भगवं
३. अप्पणा सच्चमेसिज्जा
४. सच्चंमि धिइं कुव्वहा
५. से कोहा वा लोहा वा भया वा हासा वा
६. तहेव फरुसा भासा गुरु भूओवघायिणी ।
सच्चा वि सा न वत्तव्वा जओ पावस्स आगमो ॥

आत्मार्थी[1] दृष्ट और परिमित सन्देह रहित भाषा बोले।
परिपूर्ण स्पष्ट औ' अनुभूत होने पर ही मुंह को खोले।
उद्वेग और वाचालवृत्ति का दोष न उस पर लगने दो ॥३॥
सत्य-साधना की अन्तिम उपलब्धि स्वयं का दर्शन है।
वीतराग हो, कर्मरहित हो पंचम गति का स्पर्शन है।
है अनृत तो कल्मष, उसका मत भार स्वयं को ढोने दो ॥४॥

---

७ दिट्ठं मिअं असंदिद्धं पडिपुण्णं विअं जिअं।
अयंपिरं मणुव्विग्गं भासं निसिर अत्तवं ॥

संयम साधना दिवस के उपलक्ष में

: ३७ :

[तर्ज—कोटि-कोटि कण्ठों से गाएं]

संयम है जीवन की उन्नति का सीधा सोपान रे।
जिसके माध्यम से करता नर शान्त-सुधा का पान रे ॥

है विस्तार वृत्तियों का घातक आगम बतलाता।
उनका ही संकोच साधना में है अलख जगाता।
है इसका ज्ञापक ज्ञाता का दो कच्छप का आख्यान रे ॥१॥

भोजन तो केवल काया के संरक्षण का साधन।
पर भोजन के हित जीना तो सब से बड़ा विराधन।
पाकर के विजय स्वाद पर; करना संयम का सन्धान रे ॥२॥

मानव अधिक बोलकर बहुधा अपनी शक्ति विगोता।
और मौन से, खर्च हुए संबल को पुनः संजोता।
जीवन में आवश्यक है वचन गुप्ति का शुभ संस्थान रे ॥३॥

काया का संवर साधक का है व्यक्तित्व बढ़ाता।
और समुज्ज्वल करता आत्मा; उन्नत श्रेणि चढ़ाता।
मन-इन्द्रिय का कर दमन 'महेन्द्र' बनाओ स्वर्ण-विहान रे ॥४॥

लाघव साधना दिवस के उपलक्ष में

३८

[तर्ज—प्रभो ! तुम्हारे पावन पथ पर]

अनासक्ति की शुभ्र भावना जीवन शुद्ध बनाती है ।
कोटि-कोटि भव में संचित अघदल को दूर हटाती है ।।

बाह्य जगत के आकर्षण में मानव सहज लुभाता है ।
ममता का सम्लेप लगा फिर बन्धन निविड बनाता है ।
एक जानी चिन्मय की धारा, जो नि:श्रेयस पहुँचाती है ।।१।।

हरिण, शलभ और भ्रमर, मीन, मातंग त्याग कर लाघव को ।
प्राण-त्याग कर अज गमाते अपने वे स्वर्णिम लव को ।
अनासक्त, निर्मोह भावना उन्नति शिखर चढाती है ।।२।।

नमि राजर्षि, भरत चक्री, भद्रा-सुत, चक्री सनत्कुमार ।
अनासक्त हो, मोह-मुक्त हो, पहुचे मोक्ष-नगर के द्वार ।
उनकी ही अनुकृति 'महेन्द्र' जो उपशम धार बहाती है ।।३।।

आर्जव साधना दिवस के उपलक्ष में

: ३९ :

[तर्ज—इतिहास गा रहा है]

मन को सरल बनाकर, अब तोड़ो दुःख-घेरा।
होगा वहाँ सहज में, अध्यात्म का बसेरा ॥

जो दूसरो के हित नर है खोदता कुंएं को।
गिरता स्वयं उसी में छाया जहां अंधेरा ॥१॥

अध्यात्म-साधना का पलिमन्थु छद्मवृत्ति।
घटना श्री मल्लिप्रभु की देती हमें उजेरा ॥२॥

व्यवहार दूसरों का चाहता सदा सुधा-सा।
तो क्यों न उसके दिल में अपना हृदय उँडेला ॥३॥

ऋजुता 'महेन्द्र' अपनी थाती रही सुनहरी।
फिर चित्र छद्म का है किसने अरे! उकेरा ॥४॥

मार्दव साधना दिवस के उपलक्ष में

४०

[तर्ज—सभापति आप मिले]

विनय है जिन-शासन का मूल ।
अविनय को प्रश्रय देना है संयम के प्रतिकूल ॥
अपने को अति उच्च मानना,
और अपर को हीन समझना,
यह तो मोटी भूल ॥१॥

अभिमानी को ज्ञान न होता,
वह तो केवल बोझा ढोता,
करता तप की धूल ॥ २॥

अहंभाव का पूर्ण विसर्जन,
करना आत्मोदय का सर्जन,
खिलते सम के फूल ॥३॥

बाहुबली का तीव्र तपोबल,
तोड सका क्या मलिन अवदन ?
ओढ कषाय-दुकूल ॥४॥

पीथल वड़ा, हीरजी स्वामी, शिवजी, दीप तपस्वी रो ।
कोदर और अनोपचन्दजी, मुख मुनि घोर तपस्वी रो ।
जप कर दृढ़ मन नाम, तपस्या धारल्यो ॥४॥
पंखी[3] अपणी पांख्यां स्यूं झड़कादै मागी धूल नै ।
आत्मार्थी कर तीव्र तपस्या खो दै अघ रै मूल नै ।
'मुनि महेन्द्र' जीवन नै तप में ढालल्यो ॥ ५॥

३. सउणी जह पंसुगुंडिया विहुणिय धंसयई सियं रयं।
अेवं दविओवहाणवं कम्म खवइ तवस्सिमाहणे ॥
—सूत्र० श्रुत० १, अ० २, उ० १, गा० १५

: ४३ .

[तर्ज—दिल लूटने वाले जादूगर]

कर आतम-शक्ति नै केन्द्रित सामूहिक तप सब आरम्भ करो।
भव-भव रै सचित अघदल[1] नै काटण रो अेक उपाय खरो ॥
उग्र तपस्या मे बहुधा ओ तन गेडा अटकावै है।
अपणो रौब गाठ कर सहमा एक बार धमकावै है।
पर छाती कर मजबूत डटो, ल्यो लोहो रण मे विजय वरो ॥१॥

भूख भूआजी बिना बुलाया थारै केडै लागैला।
सूता भूखा भूत जगाणै मे नही कसर उठावैला॥
वारी परछाया स्यू रह दूरा शरणो ल्यो उत्कट तपरो॥२॥

दृढप्रहारी, चोर चिलाती, परदेशी, अर्जुनमाली।
घोर तपस्या रै माध्यम स्यू कलुषित आत्मा उजवाली।
वा तपस्या रै ऊचा आदर्शां नै सगला चरितार्थ करो॥३॥

बडी बडी लब्ध्या नै पाया मुनिवर तपस्या रै ही पाण।
बाहुबली, बाली रै बल री करै कौण सहसा अनुमान।
पूरव भव मे जो करी तपस्या प्रतिपल 'मुनि महेन्द्र' स्मरो ॥४॥

---

१ भव कोडी सचिय कम्म तवसा निज्जरिज्जई।

—उत्तरा०, अ० ३०, गा० ६

: ४४ :

[तर्ज—रोको काया री चंचलता नें]

आदिम बाबै रो परिवार सारो मंगलकारी ।
प्रतिपल जाप जप्यां स्यूं लाभ हुवै भारी ॥
सामायक, उपवास, पोषध आदि क्रिया ।
माता बिना कियां ही सब स्यूं पहली नाव तारी ॥१॥
राजनीति और धर्मनीति रा सर्जन हारा ।
बणग्या लाखां लोग आदीश्वर प्रभु रा अनुचारी ॥२॥
अनित्य भावना भाई चक्री भरत घणी ।
स्नान-घर में केवल पायो अघदल जारी ॥ ३॥
अपणी टेक निभाई भाई बाहुबली ।
बाहर महीना में ही केवल पायो मोह-छारी ॥ ४॥
इठ्ठाणु भायां रो तो इतिहास है बड़ो ।
अष्टापद पर सिद्ध बणग्या राग-द्वेष टारी ॥ ५॥
भगिनी ब्राह्मी-सुन्दरी रै शील री कथा ।
छिन-छिन याद करै है लाखां नर-नारी ॥ ६॥
ऋषभसेन हा ऋषभदेव रा गणधर मोटा ।
पहलो दानी बण श्रेयान्स सारी त्रास टारी ॥ ७॥
तापस मरीचि त्रिदण्डी महावीर-जीव हो ।
बणग्या सूर्ययशादिक आठ भावी केवलधारी ॥८॥
विघ्न-विनाशक, मंगलकारक नाम जपो ।
पावो 'प्रथम' प्रथम पद अनुपम सारा लाभकारी ॥ ९॥

४५

[तर्ज—बधावो गावो पूज्य पधार्या]

भीखणजी स्वामी मंगलकारी थारो नाम है ।
लाखां नर-नार्या तणा हुवै मन वञ्छित सब काम है ॥
बल्लुशाह रा लाडला, माता दीपा रा अंग-जात ।
सकलेचा परिवार में अवतरिया ले शुभ आथ ॥१॥
सतरह सौ तैयासिये सुद तेरस मास आषाढ ।
कटालियपुर में हुयो घर-घर में हर्ष प्रगाढ ॥२॥
सिंह सलूणो देखियो सपनै में दीपा मात ।
गर्ज्या सिंह जिसा सदा, पाई जग में अनुपम ख्यात ॥३॥
अठारह आठै लही द्रव्य दीक्षा तज परिवार ।
अठारह सतरै कर्यो, प्रभु तेरापथ-प्रचार ॥४॥
अठारह साठै कियो भाद्रव में स्वर्ग-विहार ।
"मुनि महेन्द्र" है वन्दना चरणा में शत-शत वार ॥५॥

: ४६ :

[तर्ज—माढ़]

भारीमाल भगवान् ! थांनै पल-पल ध्याऊं मैं ।
पल-पल ध्याऊं, बलि-बलि जाऊं, पाऊं परमानन्द ।।थांनै०

भिक्षु प्रभु री दूजी देही, गौतम ज्यूं महावीर ।
अन्धेरी ओरी री घटना करै रोमांच शरीर ।।१।।

मोह तात रो छोड़्यो खिण में शिशु वय में गुरुराज!
वाल जगत रो मस्तक ऊंचो तिण स्यूं वेअन्दाज ।।२।।

